आयुष विश्वविद्यालय परिसर में एसएसपी ने किया चौकी का लोकार्पण

भटहट (एसएनबी)। महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय के परिसर में नव निर्मित पुलिस चौकी भवन का बुधवार को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर एवं कुलपति डा. एके सिंह द्वारा लोकार्पण किया गया।

इस दौरान एसएसपी ने मौके पर मौजूद ग्राम प्रधानों से आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद क्षेत्र के विकास में होने वाले बदलाव एवं अपराधिक घटनाओं में आने वाली कमी पर चर्चा किया। एसएसपी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय बन जाने से क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा। भटहट - बांसस्थान मार्ग फोरलेन बनने जा रहा है, इससे आसपास अन्य व्यवसायिक संस्थान भी स्थापित होंगे। जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

आयुष विवि. में नवनिर्मित चौकी का फीता काटकर लोकार्पण करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

एसएसपी ने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय जैसी शिक्षण संस्थान के स्थापित होने से बच्चों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। बातचीत के दौरान एसएसपी ने कहा कि वह स्वयं चिकित्सक है, उन्हें पता है कि एलोपैथ के सापेक्ष आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथ की दवाएं बिना किसी साइड इफेक्ट के काफी असरदार होती हैं।

एसएसपी के पूछने पर ग्राम प्रधानों ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना होने से आसपास की जमीनों की कीमतों में पांच से छह गुना की वृद्धि हो गई है आयुष विश्वविद्यालय चौकी के अंतर्गत परसौना, पिपरी, जमुनहवा, भैरवां, भगतपुरवा, तरकुलहां एवं मोहिद्दीनपुर को शामिल किया गया है। एक चौकी प्रभारी के साथ ही चार सिपाहियों की नियुक्ति की गई है। इस दौरान एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी, एडिशनल एसपी मानुष पारीक, परीक्षा नियंत्रक सी के राजपूत, इंस्पेक्टर जेएन शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।